सुविचार
जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-20 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 23 जून 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## Legal advice- बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा किस अनुच्छेद द्वारा प्राप्त होती है जानिए।

शिक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। खाद्य पदार्थों से व्यक्ति का शारिरिक विकास होता है वही व्यक्ति के मानसिक विकास के लिए उसे शिक्षित होना जरूरी है। जब हमारा भारत देश आजाद हुआ था तब देश में गरीबी ओर भुखमरी फैली हुई थी इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत के संविधान में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुच्छेद जोड़ा गया जानिए।



**- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

**भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 45 की परिभाषा?**

राज्य सरकार छः वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देख रेख और शिक्षा उपलब्ध करवाएगी।

वर्तमान में कहे तो आंगनबाड़ी केंद्रों में जो बच्चे 0-5 वर्ष के बच्चों की जो पढ़ाई होती हैं ,वह भारतीय संविधान के इसी अनुच्छेद के नियमो का एक उदाहरण हैं।

**कब शिक्षा का अधिकार मूल अधिकार बना जानिए?**

उन्नीकृष्णन बनाम आंध्र प्रदेश राज्य- मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि 14 वर्ष तक के बालको को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा देना राज्य का संवैधानिक दायित्व है एवं अनुच्छेद 21 के अंतर्गत शिक्षा पाना एक मूल अधिकार है। इसी संदर्भ में 86वे संविधान संशोधन 2002 द्वारा अनुच्छेद 21क बनाया गया एवं 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा को एक मूल अधिकार बना दिया गया।

## Legal advice- पुलिस रिपोर्ट क्या होती है जानिए सरल शब्दों में।

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 173 में बताया गया है कि जब कोई पुलिस अधिकारी किसी अपराध का अन्वेषण पूरा कर लेता है अर्थात समाप्त कर देता है एवं उसके बाद एक चार्ज शीट तैयार करता है और उस चार्जशीट को वह मजिस्ट्रेट के समक्ष भेजता है या पेश करता है उसे ही पुलिस रिपोर्ट कहते हैं।



**- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638**

### आरोप पत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जजमेंट-

राकेश कुमार पॉल बनाम असम राज्य(निर्णय वर्ष 2017) - मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा हैं कि अगर किसी गंभीर अपराध का अन्वेषण पुलिस द्वारा 60 दिनो या 90 दिनों के भीतर नहीं किया जाता है या पुलिस रिपोर्ट 60 या 90 दिनों के भीतर न्यायालय में नहीं दी जाती है, तब आरोपी को जमानत पर छोड़े जाने का पूर्ण अधिकार होता है।

अभिनंदन झा बनाम दिनेश मिश्र(वर्ष 1968) ? मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया हैं कि मजिस्ट्रेट को पुलिस अधिकारी को आरोप पत्र प्रस्तुत करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

कुलमिलाकर बात करे तो पुलिस थाने का भारसाधक अधिकारी मजिस्ट्रेट को अपनी रिपोर्ट भेज देता है तब उसकी आगे कोई अन्वेषण कार्यवाही नहीं चलेगी। पुलिस अधिकारी द्वारा अंतिम रिपोर्ट(चार्जशीट) प्रस्तुत कर दिए जाने के पश्चात पुलिस अधिकारी का कार्य समाप्त हो जाता है और इसके बाद मजिस्ट्रेट अर्थात न्यायालय का कार्यक्षेत्र प्रारंभ हो जाता है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह बालाघाट से करेंगे वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा का शुभारंभ



**भोपाल।** केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह 22 जून को गोंड साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता एवं बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए बालाघाट से गौरव यात्रा का शुभारंभ करेंगें। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर गौरव यात्राएँ 4 अन्य स्थान छिंदवाड़ा, दमोह के सिंगरामपुर, सीधी के धौहनी एवं यूपी के कलिंजर फोर्ट से 22 जून को प्रारंभ होकर 26 जून को शहडोल पहुँचेंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 27 जून को शहडोल में गौरव यात्रा का समापन करेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह 22 जून को शाम 4 बजे बालाघाट में पुलिस लाइन में बनाए गए हेलीपेड पहुँचेंगे और उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

# योग भारत की गरिमा एवं महिमा को अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति

## योग आज वैश्विक पर्व बन गया है : उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़

### आज पूरा विश्व योगमय : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा है कि हमारा योग आज वैश्विक पर्व बन गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज विश्व के हर कोने में यह जीवंत हो रहा है, यह हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। उप राष्ट्रपति ने योग की इस महिमा का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को दिया है, जिन्होंने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखा, जिसका समर्थन विश्व के 193 देशों ने किया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 11 दिसंबर 2014 को यह घोषणा की गई कि हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा और इसी के साथ योग के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का भागीरथी प्रयास सफल हुआ। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि आज हम 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज अमेरिका में यहाँ के समय के अनुसार शाम 5ः30 बजे संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रांगण में सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें दुनिया के 180 देश शामिल होंगे। यह भारत की गरिमा एवं महिमा को अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति है। यह सारी दुनिया के लिए भारत के प्रति सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। 9वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज देश का मुख्य कार्यक्रम जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में हुआ। यहाँ उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की गरिमामय उपस्थिति में करीब 15 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया।



### प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका से जारी किया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वीडियो संदेश

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि योग आज वैश्विक आंदोलन, ग्लोबल स्पिरिट बन गया है। उन्होंने कहा कि आज ऐतिहासिक और अभूतपूर्व अवसर है, जब भारत के आह्वान पर विश्व के 180 से अधिक देश संयुक्त राष्ट्र संघ के योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आज समूचे विश्व में योग का कार्यक्रम ओशन रिंग ऑफ योगा किया जा रहा है, जिसमें करोड़ों लोग शामिल हो रहे हैं। पृथ्वी के दो ध्रुव जुड़ रहे हैं, जो पूरे विश्व को एक साथ जोड़े वह योग है। यह हमारी वसुधैव कुटुंबकम् अर्थात सारा विश्व एक परिवार की संस्कृति है। योग से स्वास्थ्य, दीर्घायु, बल और सुख की प्राप्ति होती है। योग की उर्जा से चारों तरफ कल्याण होता है। योग हमें जीव मात्र की एकता का एहसास कराता है। यह प्राणी मात्र के प्रेम का आधार है। योग के जरिए हम अंतर्विरोधों, गतिरोध और प्रतिरोधों को खत्म कर सकते हैं। कर्मों में कुशलता ही योग है। अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण से योगसिद्धि मिलती है, योग के जरिए निष्काम कर्म होते हैं। प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को योग दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी की मध्यप्रदेश यात्रा को भव्य स्वरूप दें : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 27 जून को भोपाल और शहडोल यात्रा को भव्य स्वरूप दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने आने वाले नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इस बात का ख्याल रखा जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय समत्व भवन में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी और मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस भी मौजूद थे।



### पीवीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण

बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शहडोल में पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण योजना का शुभारंभ करेंगे। देश में पहली बार प्रदेश में 3 करोड़ 57 लाख आयुष्मान हितग्राहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा योजना के शुभारंभ के बाद ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पीवीसी कार्ड वितरित किए जाएंगे। पंचायत स्तर पर इसके लिए आयुष्मान ग्राम सभा होंगी, जिसमें आयुष्मान हितग्राहियों के नाम पढ़े जाएंगे। नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

## भारतीय हिंदू महासंघ में महिला शाखा द्वारा नियुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**पत्रकार बीआर अहिरवार भोपाल।** भारतीय हिंदू महासंघ में गुरुवार को महिला शाखा द्वारा नियुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विशाल ठाकुर जी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गणेश राम शाक्य जी प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती नेहा अहिरवार जी उपस्थित रहे कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष भोपाल श्रीमती प्रीति राठौर जी द्वारा जिला महिला कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी गई जिसमें श्रीमती अनीता शेवानी जी को जिला महासचिव भोपाल (महिला शाखा) एवं श्रीमती सोना तलरेजा को जिला सचिव (महिला शाखा) ईशा देतवाल जी को प्रदेश सचिव, पूजा राठौर जी को जिला उपाध्यक्ष रायसेन महिला शाखा पूजा वंशकार जी को जिला सह सचिव भोपाल रोशनी विश्वकर्मा जी को जिला मंत्री भोपाल (महिला शाखा) के पद पर नियुक्त किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## बहनों की आँखों में आँसू नहीं, उनके चेहरे पर मुस्कान हो - मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, बहन-बेटियों के सशक्तिकरण और उनके सम्मान के लिए आरंभ की गई है। बेटी का विवाह परिवार या समाज को बोझ न लगे, इस उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा योजना में सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बेटियाँ को योजना में 49 हजार रूपये दिये जाते हैं, जिससे अपनी गृहस्थी आरंभ करने के लिए पसंद और जरूरत के अनुसार सामान खरीद सकें। हमारा प्रयास है कि बहनों की आँखों में आँसू नहीं, उनके चेहरे पर मुस्कान हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में

### मुख्यमंत्री खकनार में सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए वर्चुअली शामिल



बुरहानपुर जिले के जनपद पंचायत खकनार में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन को निवास कार्यालय समत्व से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने खकनार में परिणय सूत्र में बंधे 471 जोड़ों को आशीर्वाद और शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में नई ऊँचाईयाँ छू रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने योग को विश्वव्यापी बनाया है। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुरहानपुर के कृषकों से कहा कि वे केले की फसल खराब होने की चिंता न करें, शीघ्र ही उनके बैंक खातों में राहत सहायता राशि जारी की जाएगी।

# एससी वर्ग की समस्याओं को लेकर माननीय मंत्री महोदय

## डॉ प्रभूराम चौधरी जी से सामाजिकर्ताओं ने की भेंट



**रायसेन।** जिले में लगातार बढ़ रही जघन्य घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए सामाजिक कार्यकर्ता रमन बामने और अतरसिंह भारतीय ने पीढ़ित लोगों के साथ दिनांक 20 जून 2023 को कैबिनेट मंत्री माननीय डॉ प्रभूराम चौधरी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन से भोपाल स्थित बंगले पर सौजन्य भेंट कर घटनाओं से लिखित रूप में अवगत कराया और त्वरित कार्रवाई हेतु प्रशासन को निर्देशित करवाने की जायज मांग की। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 03 जून 2023 को ग्राम चुनेटिया में खुमान अहिरवार की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। ग्राम वर्धा में बाबू लाल अहिरवार के साथ मारपीट कर उल्टा पीढ़ित परिवार पर ही मुकदमा ठोक दिया। ग्राम परेवा के सोनू अहिरवार की हत्या कर दी गई। गैरतगंज और उदयपुरा में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमाओं को खंडित किया गया। इसके अलावा अन्य कई गांवों में आए दिन भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। जिससे समाज में अनुसूजित जातियों के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।सम्पूर्ण जिले में लगातार अन्याय, अत्याचार, शोषण, हत्या, बलात्कर जैसी घटनाओं की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडे वर्ग के साथ रायसेन जिले में दिन प्रति दिन बढ़ोतरी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिसमें विशेष कर रायसेन जिले में अहिरवार समाज के साथ ये घटनाऐं ज्यादा घट रही है। पीढ़ित परिवार न्याय के लिए दर वदर भटक रहे हैं उनकी कही कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सभी पीड़ित परिवार के लोग अपनी अपनी फायलें (कागज) साथ में लेकर आये और माननीय मंत्री महोदय को बिंदु बार अवगत कराया। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भारतीय ने कहा कि क्षेत्र में अनुसूचित जातियों के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है न्याय की गुंजाईस निकाली जाए।

# लगातार चल रहा है अपनों से अपनी बात कार्यक्रम - लीलाधर अहिरवार



**नरयावली।** अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के तहत लीलाधर अहिरवार द्वारा नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरोज़ा,बम्होरी बीका,चावड़ा आदि ग्रामों में वरिष्ट जनों व आमजनों से संवाद किया किया गया लोगों की समस्याओं को जाना गया व उनके निराकरण हेतु चर्चा की गई गॉव के लोगों द्वारा अपनों से अपनी बात कार्यक्रम की सराहना की जा रही है एवं गॉव गॉव में लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है लोगों में परिवर्तन की आस दिखाई दे रही है नरयावली विधानसभा क्षेत्र में लीलाधर अहिरवार को युवा चेहरे के रूप में कॉफी पसंद किया जा रहा है एवं अपार जन समर्थन मिल रहा है कार्यक्रम के दौरान किसान नेता व किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष पूर्व सैनिक अभिनय श्रीवास,चावड़ा सरपंच सुरेंद्र सिंह, बम्होरी बीका सरपंच गोविंद सिंह अजाक्स संभागीय महासचिव, रामचरण अहिरवार, जिला सचिव राजू पामाखेड़ी,लोकमन चौधरी जी, लखन अहिरवार जी, विनोद अहिरवार ,रवि, सुरेंद्र ठाकुर जी, आदि शामिल रहे।

# भारतीय हिन्दू महासंघ की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी की नियुक्ति हुई।




**पत्रकार बीआर अहिरवार, भोपाल।।** आज भारतीय हिन्दू महासंघ की बैठक हुई जिसमें राष्टीय अध्यक्ष श्री विशाल ठाकुर जी द्वारा नियुक्तियां की गयी कार्यक्रम में श्रीमती प्रीती राठौर जी को जिला अध्यक्ष महिला शाखा भोपाल , श्रीमती पुष्पा दिसोदिया को जिला उपाध्यक्ष (महिला) भोपाल श्रीमती भावना दिसोदिया को जिला सचिव भोपाल (महिला) मोहिनी राठौर जी को जिला मंत्री , रागनी सिंह जी को जिला महामंत्री नैंसी दिसोदिया जी को जिला सह सचिव एवं रोहित रघुवंशी को जिला महामंत्री ओर जितेंद्र किरार जी को जिला मंत्री भोपाल के पद पर नियुक्त किया गया इन सभी की नियुक्तियां प्रदेश उपाध्यक्ष श्री प्रमोद लोधी जी एवं प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती नेहा अहिरवार की अनुशंसा पर की गई इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

# रंगमंच के कलाकारों मंचन से यह संदेश पहुंचाना कि अत्याचार, शोषण का हमे प्रतिरोध करना चाहिए





**भोपाल।** यह नाटक मंचन करने का मुख्य उद्देश्य यह था, कि रंगमंच के कलाकारों मंचन से यह संदेश पहुंचाना कि अत्याचार, शोषण का हमे प्रतिरोध करना चाहिए। भोपाल शहर में अंतोन चेखव द्वारा लिखित नाटक जूलिया में एक प्रेरक प्रसंग के माध्यम से लेखक ने बड़े ही अपनी ज़िम्मेदारी से यह बताया गया कि अपने ऊपर हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। समाज में व्याप्त बुराई को बड़े रचनात्मक तरीके से यह बताते हुए की ज्यादा सीधा और संकोची नही होना चाहिए। आरंभ कल्चरल एंड वेलफेयर भोपाल की प्रस्तुति मैं इस नाटक का निर्देशन श्री विष्णु गर्ग जी ने किया। और इस नाटक में सभी कलाकारों का अभिनय सरहनीय रहा। जिसने जूलिया का किरदार बेबी यशस्वी, मालिक के किरदार में फरहान बेग, और मालकिन के किरदार में, नेहा जैन वह फिजा और बच्चा अनिरुद्ध दत्त, युसुफ, एवं सेल्स मेन बने रवींद्र मोरे। मेड - बनी साहिबा सभी कलाकारों ने अच्छा अभिनय किया।

# भोपाल में नशे के खिलाफ की जा रही कार्यवाही लगातार रहेगी जारी,हुक्का बार संचालकों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज



**देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल। कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह के निर्देश पर जिले में नशा मुक्ति अभियान की कार्यवाही निरंतर जारी है। आबकारी अमले द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भोपाल आशीष सिंह द्वारा धारा 144 के अंतर्गत जिला भोपाल में ई-हुक्का, निकोटिन हुक्का प्रतिबन्धित किया गया था। जिसके क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हेतु एसडीएम बैरागढ़, आबकारी अधिकारी,थाना प्रभारी, खाद्य व औषधीय अधिकारी की संयुक्त टीम को हुक्का बारों पर सघन चेकिंग की गई। जिसमें सेवन ओक रेस्टोरेंट ,बैरागढ़, हाईडआउट, गाँधीनगर, लेटिट्यूट, एमपीनगर पर हुक्का संचालन पाये जाने पर आबकारी विभाग द्वारा हुक्का संचालकों के विरुद्ध सम्बन्धित थाना क्षेत्रों में भा.द.वि. धारा 188 कार्यवाही की स्नद्धक्र दर्ज कराने की कार्यवाही की गई। जिले में इस तरह की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।सहायक आयुक्त आबकारी भोपाल द्वारा हुक्कापान के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही लगातार की जा रही है।

# पुलिस ने सूने मकान का ताला तोड़ कर चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा, 2 लेपटॉप एवं सोने के 5,30,000 के जेवरात जब्त किये



**देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल। घटना इस प्रकार से है 7 जून को भोपाल निवासी फरियादी निर्मल जैन ने थाना शाहपुरा भोपाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका छोटा भाई जो चूनाभट्टी मे रहता है 31 जून को तीर्थ यात्रा के लिये परिवार सहित गये है इसी दौरान उनका सुना मकान देखकर किसी ने उसमें चोरी कर ली है उनकी रिपोर्ट पर अपराध क्र 126/23 धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। भोपाल शहर मे चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने व माल मशरुका बरामद करने के संबंध मे पुलिस द्वारा दिशा दिए गए निर्देश के अनुसार मे पुलिस द्वारा मुखवीर तंत्र विकसित किया गया पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में घटना स्थल केआसपास के मकानो एवं रास्तो की सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर फुटेज के आधार पर 20 जून को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दीपक सोसायटी मे चोरी के मामले मे प्राप्त फुटेज मे प्राप्त हुलिये का व्यक्ति कोलार तिराहा पर देखा गया है पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत मे लिया गया एवं दोनो का नाम पता पूछा गया एवं चोरी के विषय में सख्ती से पूछताछ की उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया दोनो आरोपियो के कब्जे से 2 लेपटॉप एवं मामले मे चोरी गया सोने के जेवरात बरामद किये गये जिनकी कुल कीमत 5,30,000 रूपये है प्रकरण के दोनों आरोपीयों की गिरफ्तारी की गई एवं तीसरे आरोपी की तलाश जारी है ।

# भारतीय हिंदू महासंघ में महिला शाखा द्वारा नियुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल।** भारतीय हिंदू महासंघ में आज महिला शाखा द्वारा नियुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विशाल ठाकुर जी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गणेश राम शाक्य जी प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती नेहा अहिरवार जी उपस्थित रहे कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष भोपाल श्रीमती प्रीति राठौर जी द्वारा जिला महिला कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी गई जिसमें श्रीमती अनीता शेवानी जी को जिला महासचिव भोपाल (महिला शाखा) एवं श्रीमती सोना तलरेजा को जिला सचिव (महिला शाखा) ईशा देतवाल जी को प्रदेश सचिव, पूजा राठौर जी को जिला उपाध्यक्ष रायसेन महिला शाखा पूजा वंशकार जी को जिला सह सचिव भोपाल रोशनी विश्वकर्मा जी को जिला मंत्री भोपाल (महिला शाखा) के पद पर नियुक्त किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





# नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह आज जिले के प्रवास पर पुष्पराजगढ़,कोतमा,अनूपपुर में लेंगे बैठक-फुंदेलाल

वीरेंद्र कुमार गुप्ता





अनूपपुर। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह जी एवं सह प्रभारी संजय कपूर का आज आगमन हो रहा है।उन्होंने बताया कि आज 22 जून 2023 को प्रातः 9.00 बजे शहडोल से पुष्पराजगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे एवं 11.00 बजे उनका पुष्पराजगढ़ आगमन होगा।एवं 12.00 बजे से पुष्पराजगढ़ में मंडलम, सेक्टर,ब्लॉक अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2.30 बजे पुष्पराजगढ़ से कोतमा के लिए प्रस्थान व्हाया- जैतहरी,भालूमाड़ा करेंगे।दोपहर 3.15 बजे कोतमा आगमन एवं मंगलम, सेक्टर, ब्लॉक अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।तत्पश्चात शाम 5.30 बजे कोतमा से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।रात्रि 7.00 बजे अनूपपुर आगमन एवं मंगलम, सेक्टर ,ब्लॉक अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। तत्पश्चात रात्रि 11.30 बजे अनूपपुर से दुर्ग भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुंदेलाल सिंह मार्को ने अनूपपुर जिले के समस्त कांग्रेस जनों से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में सभी अपनी-अपनी सहभागिता निभाएं।

# योग हमारे जीवन को खुशनुमा, स्वस्थ बनाता और उससे श्रृजित होते है शुभ संयोग

मुकेश अहिरवार राजगढ़



राजगढ़। प्रतिवर्ष 21 जून को आयोजित होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन क्षेत्रीय, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर आमजनों, निजी, शासकीय संस्थानों आदि के द्वारा संपूर्ण मानव समाज व विश्व को स्वस्थ बनाये रखने के उद्देश्य से किया जाता है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस का जनक हमारा भारत राष्ट्र ही है, जोकि हमारे राष्ट्र के लिये गौरव का विषय है। योग, प्राणायाम में वह शक्ति है, जो मानव को स्थायी तौर पर स्वस्थ बनाये रखने में सहायक है।

इसी परिप्रेक्ष्य में तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रसारित निर्देश, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन के मार्गदर्शन एवं सचिव श्रीमती मीनल श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला न्यायालय राजगढ़ एवं तहसील न्यायालय ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में न्यायाधीशों व अधीनस्थ कर्मचारियों हेतु एवं जेल बंदियों हेतु जिला जेल- राजगढ़ तथा उपजेल- सारंगपुर, नरसिंहगढ़ हेतु योग, प्राणायाम के विभिन्न कार्यक्रम एवं विधिक जागरूकता शिविर भी आयोजित किये गये। उक्त कार्यक्रमों में जिले एवं तहसीलों के समस्त न्यायाधीशों, कर्मचारीगणों एवं जेलों में जेलबंदियों, जेल प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, राजगढ़ में आयोजित किये गये कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीश एवं स्टॉफ द्वारा प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में योग किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री बिसने द्वारा व्यक्त किया गया कि, योग हमारे जीवन को खुशनुमा, स्वस्थ बनाता और उससे श्रृजित होते है शुभ संयोग। इसी कड़ी में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल राजगढ़ में भी जेलबंदियों के स्वास्थ्य एवं मानसिक स्तर को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से योग एवं प्राणायाम का कार्यक्रम जिला न्यायाधीश श्री राघवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें कि जेलबंदियों के अतिरिक्त प्रभारी जेल अधीक्षक, उपजेल अधीक्षक व अन्य सहायक स्टॉफ के द्वारा सहभागिता की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा जेल बंदियों को बताया गया कि योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाये ताकि आपका मानसिक स्तर सकारात्मकता की ओर अग्रसित होकर आपका जीवन खुशहाल बनेगा।

# अवैध मादक पदार्थ गाँजा रखे 01 आरोपिया, माल सहित जीरापुर पुलिस की गिरफ्त मदद

## आरोपिया के कब्जे से कुल 960 ग्राम गाँजा कीमती 14,600 रुपये जप्त

मुकेश अहिरवार राजगढ़

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भा.पु.से.) द्वारा अवैध मादक पदार्थो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री मनकामना प्रसाद के निर्देशन में व एसडीओपी खिलचीपुर श्री आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीरापुर उनि. अजय यादव द्वारा पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत मादक पदार्थ सबंधी अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने मे सफलता प्राप्त की । दिनांक 15.06.23 को स.उ.नि. मन्नूलाल को अपने विश्वसनीय मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला अपने घर के सामने ग्राम मैनाखेडी मे अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में है यदि शीघ्र दबिश दी जाये तो सफलता प्राप्त हो सकती है अन्यथा विलंब होने पर उक्त महिला अवैध मादक पदार्थ गाँजा को खुर्द बुर्द करके अफरा तफरी कर फरार हो सकती है । उक्त मुखविर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाने से हमराह फोर्स के रवाना होकर मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम मैनाखेडी पहुँचे जहाँ मुखबिर द्वारा बतायेनुसार जहां मूखबिर द्वारा बताये हुलिये की महिला मिली जिसे घेराबंदी कर पकड़ा व नाम पता पूछा तो




उसने अपना नाम संतोषबाई राठौर उम्र 40 साल निवासी मैनाखेडी का होना बताया संदेहिया संतोषवाई की मआर. 951 अर्चना द्वारा जामा तलाशी व उसके पास रखी नीले रंग की प्लास्टिक की थैली की तलाशी ली गई तो उक्त प्लास्टिक की थैली में हरे भूरे रंग का वानस्पतिक पदार्थ होना पाया गया जिसकी स्वयं द्वारा, पंचों द्वारा हमराह फोर्स को दिखाकर व सुंघाकर पहचान कराई गई जो सभी ने उसको सूंघकर व देखकर तीक्ष्ण गंध व रंग आकार के आधार पर सभी ने मादक पदार्थ गाँजा होना बताया तत्पश्चात उपस्थित पंचानों के समक्ष अवैध मादक पदार्थ गाँजा को इलेक्ट्रिानिक तौल काटे पर तौला गया, जो कुल 960 ग्राम कीमती करीबन 14,600/- रूपये का होना पाया गयद्य संदेहिया संतोषबाई से उक्त मादक पदार्थ गाँजा रखने के संबंध में वैद्य प्रपत्र मांगे तो उसके द्वारा कोई प्रपत्र नहीं होना बताया आरोपिया का अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दंड़नीय पाया जाने से आरोपिया संतोषबाई राठौर उम्र 40 साल निवासी मैनाखेडी के कब्जे से मिले अवैध मादक पदार्थ गाँजा कुल 960 ग्राम कीमती 14,600 रूपये, को पंचानों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपिया संतोषबाई से धारा 41(1)क(2) जाफौ. का नोटिस तामील कराया गया तथा आरोपिया संतोषवाई के विरुद्ध थाना जीरापुर में अपराध क्रमांक 270/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

**गिरफ्तार आरोपिया** - 1. संतोषबाई राठौर उम्र 40 साल निवासी मैनाखेड़ी

**जप्तशुदा मशरुका**

1. कुल 960 ग्राम अवैध मादक पदार्थ कीमती 14600 रुपए

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जीरापुर उनि. अजय यादव, सउनि मन्नूलाल, प्रआर.317 प्रकाश भिलाला, आर.703 अवधेश,आर. 1057 अरुण,आर.1030 सुनील, आर. 1049 मनोज, आर. 237 गणेश, आर. 996 मनीष, म.आर. 951 अर्चना राय, सैनिक 1201 राहुल की विशेष भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा ।

# छग.मुख्यमंत्री निजी प्रवास पर अमरकंटक में विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने किया स्वागत

वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)



अनूपपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल निजी प्रवास पर अपराहन अमरकंटक पहुंचे। इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक, जिला अनूपपुर (म.प्र.) के हेलीपैड पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने गुलदस्ता भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया।एवं उनसे चर्चाएं की। तत्पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार द्वारा अमरकंटक के लिए प्रस्थान किए।मुख्यमंत्री जी निजी प्रवास पर हेलीकॉप्टर द्वारा अमरकंटक ट्राइबल यूनिवर्सिटी के हेलीपैड पहुंचे।जहां से कार द्वारा हॉलीडे होम्स,अमरकंटक पहुंचे।बताया गया कि रात्रि विश्राम भी वह अमरकंटक में करेंगे।

# राजगढ़ जिले की समस्त शासकीय आई.टी.आई. में सत्र 2023 में प्रवेष प्रारंभ




मुकेश अहिरवार राजगढ़

राजगढ़। जिले में संचालित समस्त शासकीय आई.टी.आई. में एनसीवीटी, एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीयन एवं चाईस फिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 25 जून, 2023 है। प्रवेष हेतु इच्छुक अभ्यार्थी एम.पी. ऑनलाईन के अधिकृत किसी भी कियोस्क से पोर्टल 222.स्रह्यस्रद्ग.इ१1.द्बठ्ठ के माध्यम से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक शासकीय आई.टी.आई. मो.न. 9827839073 में सम्पर्क कर सकते है। शासकीय एवं निजी आई.टी.आई. में प्रवेष 2023 हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 25 जून, 2023, रजिस्ट्रेशन त्रुटि सुधार 25 जून, 2023, इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम चयन 25 जून, 2023, कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता 27 जून, 2023, प्रथम चयन सूची डिस्प्ले करना प्रवेष पोर्टल द्वारा एसएमएस के माध्यम से आवेदकों को सूचित करना 30 जून, 2023 तथा प्रथम चयन सूची के आवेदकों का प्रवेष आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता, आवंटिक संस्था में उपस्थिति आवंटित समय में मूल दस्तावेजो का सत्यापन एवं प्रवेष 03 जुलाई, 2023 से 05 जुलाई, 2023 तक होगा।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204



Poetry BY - R.SURYA

**कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)**

झंझोर कर रख देती हैं
वो किस्सा मेरी
जब नोच कर फेक दिए थे
जिंदगी का वो हिस्सा मेरी
खुद के नजरों से गिरा दीए
मुझे तो जिन्दा लाश बना दीए
रो-रो के बिख मांगी थी मेरी आबरू की
पर, जानवरो को ना दिखी
मेरी मासूमियत भी
तरस भी ना आई मुझ मासूम पे
कीस हद तक गिर गई थी उनकी इंसानियत भी
खुद के नजरों से गिरा दीए
मुझे तो जिन्दा लाश बना दीए
लिबास ना रहा मेरा
लिहाज़ ना रखा मेरा
जिंदगी बर्बाद कर दी, चंद अय्याशी के लिए
खुद से शर्म भी मिट गई थी उनकी
तभी तो शर्मसार कर दीए, कमीनो ने मुझे
खुद के नजरों से गिरा दीए
मुझे तो जिन्दा लाश बना दीए
मेरी रूह काँप जाती हैं
जब-जब वो वक्त याद आता हैं
खुद से टूट चुकी थी
जब जिंदगी मुझसे ही रूठ चुकी थी
ना उम्मीद थी जीने की
जिंदगी तो बस यु लूट चुकी थी
खुद के नजरों से गिरा दीए
मुझे तो जिन्दा लाश बना दीए
इसमें मेरा क्या दोष था
जो दुनिया ने मुँह फेर लिए
कचोटती हैं मन मेरा भी
जब अपनो ने भी मुँह फेर लिए
खुद के नजरों से गिरा दीए
मुझे तो जिन्दा लाश बना दीए

# कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी का जन्मदिन

## पूरी सादगी के साथ केक काटकर मनाया

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर (ब्यूरो)। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी के निवास पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का 53वां जन्म दिवस कांग्रेस जनों ने पूरी सादगी के साथ केक काटकर मनाया। साथ ही ग्रामीण अंचल में जाकर गरीबों को दीन दुखियों को फल वितरित किए। उपस्थित कांग्रेस जनों ने इस अवसर पर कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो का संकल्प लेकर पूरे देश में एकता का संदेश फैलाने की बात पर जोर दिया हैं उस पर सभी को अमल करना है। आज राहुल गांधी देश में मौजूदा चुनौतियों से लड़ रहे हैं।उनके नेतृत्व में कांग्रेस जनता की आवाज बनी हुई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस सचिव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह डॉक्टर गणेश चटर्जी,आशीष त्रिपाठी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, वार्ड नंबर 3 के पार्षद रियाज अहमद राजू, पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रजन राठौर,मनीष त्रिपाठी, पूर्व





पार्षद रामाधार बैगा,पुरुषोत्तम चौधरी, सेवादल से एहसान अली अंसारी, राम सजीवन गौतम, भूरा यादव, गिरधारीलाल गुप्ता,सुशील मिश्रा, लखन लाल अग्रवाल, कृष्ण कुमार तिवारी, फूल चन्द्र केशरवानी , संदीप गर्ग,प्यारेलाल सेन,दुर्गा शरण पटेल आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग की अनूपपुर जिला कार्यकारिणी हुई घोषित

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग (ओबीसी विभाग) के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ सुखलाला कुशवाहा के अनुमोदन तथा अनूपपुर जिला अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी राजन राठौर के द्वारा अनूपपुर जिले की पिछड़ा वर्ग कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।जिसमें अनुपपुर जिले के प्रत्येक ब्लॉक पर लोगो को पद देते हुए नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई है।उक्त कार्यकारिणी में मुख्य रूप से अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव,ब्लॉक अध्यक्ष,जिला महामंत्री, सह सचिव जैसे पद की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है।जिसमे मुख्य रूप से अनुपपुर जिले में 18 जिला उपाध्यक्ष जिनमे राजेश नामदेव,जितेन्द्र सिंह कुशवाहा,सैफ अली,हरिद्वार सिंह कुशवाहा,दिलीप केवट,राधेश्याम पटेल,रामशरण पटेल,तिलकधारी केवट,लालदास राठौर,इंदल सिंह बंजारा,सीताराम राठौर,रामनाथ विश्वकर्मा,चरण नायक पारस,गणेश प्रसाद नापित,खुमान सिंह गुड्डा जिला,उत्तम पटेल विशेष आमंत्रित, शंकर सिंह राठौर,सिखैया सिंह,09 जिला महामंत्री राम सिंह राठौर,अरविन्द यादव,राम सिंह राठौर,अरविन्द यादव,हरीलाल राठौर,रामकुमार राठौर,जगदीश सिंह राठौर,जियालाल राठौर,मनोज केवट, सुन्दरलाल राठौर अधिवक्ता सलाहकार,14 जिला सह सचिव धनराज राठौर,राजीव साहू,कमलेश राठौर,दुर्गेश





साहू,राजेश राठौर,निरंजन यादव,राजू जैसवाल,रामनारायण राठौर,लालमन राठौर,रारेश राठौर,विवेक यादव,जीवन सिंह चौहान,कमलेश पटेल,कमलेश राठौर,09 ब्लॉक अध्यक्ष जमुना बदरा उदयभान पटेल,जैतहरी शिवकुमार राठौर,वेंकटनगर राजू राठौर,पुष्पराजगढ़ तीरथ प्रसाद यादव,राजेंद्रग्राम लीला उपेन्द्र जैसवाल,राजेंद्रग्राम सरई आलोक विश्वकर्मा,दमेहड़ी राजाराम जैसवाल, कोतमा विजय कुमार माझी,अनुपपुर मोहन साहू है। काँग्रेस के नेता बधाई देते हुए प्रदेश हित में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पूरी तन्मयता के साथ लग जाने का संदेश दिए जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के सचिव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रदेश कांग्रेस के सचिव श्रीधर शर्मा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रमेश सिंह जिला संगठन मंत्री मनोज मिश्रा विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को विधायक कोतमा सुनील सराफ जैतहरी जनपद अध्यक्ष राजीव सिंह कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वेदक पटेल वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी नगरपालिका अनूपपुर के पार्षद रियाज अहमद उर्फ राजू डॉ प्रवीण आशीष त्रिपाठी दीपक शुक्ला रेनू विनोद सोनी पूर्व पार्षद रामाधार बैगा पुरुषोत्तम चौधरी मनीष त्रिपाठी सुशील मिश्रा संदीप गर्ग जिला सेवा दल के कार्यवाहक अध्यक्ष राम सजीवन गौतम एहसान अली आदि प्रमुख लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की ।

# ब्यावर कांग्रेस का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

ब्यावरा नगर में कांग्रेस पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक रखी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस कमेटी मध्य प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी श्री रामनिवास रावत जी मौजूद रहे आज की मीटिंग का विषय मंडलम सेक्टर एवं बूथ लेवल के पदाधिकारियों के साथ आगामी चुनावों को लेकर संगठन के रणनीति को लेकर थी इस बैठक में पूरे विधानसभा के बी एल ए स्तर के पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया इस बार पूरे मध्यप्रदेश में कांग्रेस की लहर है आम जनता कांग्रेस को जिताने के लिए आतुर है संपूर्ण प्रदेश में भाजपा ने भ्रष्टाचार को अपने चरम पर पहुंचा दिया है एवं बेरोजगारी बढ़ती महंगाई में लोगों के घरों के बजट को खराब कर दिया है सभी वर्गों




को आपस में लड़ाने का काम भाजपा करती है भाजपा गलत नीतियों के विरोध में संपूर्ण मध्यप्रदेश की जनता इस बार कांग्रेस को चुने के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी एवं राजा साहब दिग्विजय सिंह जी के द्वारा प्रदेश में कांग्रेश की मुख्य योजनाएं लागू करने का कहा जा रहा है जिसमें महिला सम्मान योजना के 15 सो रुपए ,बिजली



का बिल 100 यूनिट तक माफ और 200 यूनिट तक हाफ घरेलू गैस सिलेंडर ?500 में जनता को उपलब्ध कराया जाएगा विशेषकर इन योजनाओं को लेकर समस्त कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया साथ ही बूथ स्तर पर कार्यकर्ता को मजबूती से खड़े रहने के लिए प्रेरित किया गया मीटिंग में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था उनके द्वारा विशेष सुझाव भी दिए गए जोकि प्रभारी महोदय के द्वारा लिखकर कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किए जाएंगे बैठक को विधायक रामचंद्र दांगी जी द्वारा भी संबोधित किया गया उन्होंने बताया 2018 में और 2020 में इन्हीं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा सरकार को दो दो बार हराया कार्यकर्ताओं की ताकत से बढ़कर कुछ नहीं होता है 2020 में तो समस्त कार्यकर्ताओं ने यही सोचकर लड़ा कि हम स्वयं भी चुनाव लड़ रहे हैं संबोधन में विधायक महोदय द्वारा कहां गया की ब्यावरा विधानसभा में प्रत्याशी सिर्फ हाथ का पंजा रहेगा उम्मीदवार भले ही क्यों ना कोई भी ना हो लेकिन सभी मिलकर एकजुट होकर पार्टी को जिताएंगे बैठक को जिलाध्यक्ष कांग्रेश प्रकाश पुरोहित जी द्वारा भी संबोधित किया गया उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा एवं रामायण की चौपाइयों द्वारा संगठन के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया बैठक पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष जी ने बताया।

# थाना नरसिंहगढ़ के बड़ोदिया तालाब से सैय्यद अदनान का अपहरण कर 1.5 करोड़ रूपये की फिरौती मांगने वाले आरोपीगण आये पुलिस की गिरफ्त में तथा आरोपीगण के चंगुल से सैय्यद अदनान को कराया मुक्त

**मुकेश अहिरवार**

**राजगढ़।** दिनांक 14.06.2023 की रात्रि को 01.00 बजे शकील अहमद खान निवासी नरसिंहगढ हाल भोपाल, भोपाल विकास प्राधिकरण में इंजीनियर के द्वारा इस आशय की सूचना दी गई कि उसका पुत्र सैय्यद अदनान को ग्राम बडोदिया तालाब अंतर्गत पोल्ट्री फार्म के समीप पर गुम हो गया है। गुम होने का समय रात्रि करीबन 09:00-09.15 बजे के आसपास होगा, वह अपनी नीले रंग की बलेनो कार से था, जिसका नंबर एमपी 04 सीएक्स 4942 है। उक्त की रिपोर्ट पर से थाना नरसिंहगढ में गुम इंसान क्र.39/2023 कायम कर जांच में लिया गया था एंव इसकी सूचना जिला कन्ट्रोल रूम राजगढ़ एवं वरिष्ठ अधिकारियों को तत्समय दी गई। गुम इंसान जांच के अनुक्रम में दिनांक 15.06.2023 को लगभग 15:04 दोपहर में पिता शकील अहमद के मोबाईल पर आरोपीगणों के द्वारा फोन किया तथा अपहृत सैय्यद अदनान को दिनांक करने हेतु 1.5 करोड़ रूपये की फिरौती मांगी गई। अपहृत के पिता शकील अहमद के द्वारा यह सूचना थाने पर दी गई, जिस पर तत्काल थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्र-341/2023 धारा 364-ए भा0द0वि0 का पंजीबद्ध किया गया, उक्त प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये तत्काल सूचना श्री अभय सिंह, पुलिस




महानिरीक्षक महोदय, देहात जोन भोपाल, श्रीमती मौनिका शुक्ला उप पुलिस महानिरीक्षक महोदय, देहात रेंज, भोपाल तथा श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह (भापुसे) वरिष्ट पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़ को दी गई। वरिष्ट अधिकारियों के निर्देश के पालन में जिले में तत्काल नाकाबंदी प्रारंभ की गई, अपहृत सैय्यद अदनान के फोटोग्राफ को जोन भोपाल/ जिलों के विभिन्न पुलिस ग्रुप्स में भेजा गया तथा आ-सूचना संकलन हेतु व्यक्तियों को सूचित/ सक्रिय किया गया। वरिष्ट अधिकारियें के निर्देश के पालन में टीमों का गठन, पुलिस महानिरीक्षक जोन भोपाल की सायबर टीम, सायबर सेल भोपाल/ राजगढ़/ सीहोर, क्राईम ब्रांच भोपाल, जिला पुलिस राजगढ़/ सीहोर आदि के अधिकारियों को सम्मिलित किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये आरोपीगणों की गिरफ्तारी/ सूचना देने हेतु 10,000/- रूपये की उद्घोषणा की गई। प्रकरण में अपहृत व्यक्तियों की पतारसी हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा एस0ओ0पी0 जारी की गई है, जिसका अनुसरण जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों के द्वारा किया गया। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस महानिरीक्षक, देहात जोन भोपाल तथा उप पुलिस महानिरीक्षक, देहात रेंज भोपाल द्वारा स्वयं थाना नरसिंहगढ में उपस्थित होकर घटना की गंभीरता का परीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जमीनी सूचना संकलन के साथ-साथ तकनीकी जानकारी हेतु जोन स्तरीय सायबर सेल, जिला स्तरीय सायबर सेल सीहोर/ राजगढ़ तथा जिला राजगढ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व तथा अनुविभागीय अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की दक्षता अनुरूप उनको पृथक-पृथक कार्य सौंपे गये तथा आरोपियों की प्रत्येक गतिविधियों का अनुमान/ आंकलन वरिष्ट अधिकारियों के द्वारा लगाया जाकर अपहरण कार्य में सतत् अग्रिम दिशा-निर्देश दिये जा रहे थे। दिनांक 15.06.2023 के प्रयासों का आंकलन पुलिस महानिरीक्षक महोदय, देहात जोन भोपाल एवं उप पुलिस महानिरीक्षक महोदय, देहात रेंज भोपाल के द्वारा किया गया अपहृत को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाने में सफलता नहीं प्राप्त होने पर दिनांक 16.06.2023 हेतु नवीन रणनीति तैयार की गई। प्रथक से सीसीटीव्ही फुटेज ऑकलन, संभावित आरोपियों का व्ही0एल0आर0 परीक्षण, नाकाबंदी, सर्चिंग कॉम्बिंग ऑपरेशन, जमीन स्तरीय सूचना संकलन, टोल टैक्स नाकों के सीसीटीव्ही तथा व्हीकल मूव्हमेंट चार्ट का परीक्षण, सीसीटीव्ही में अपहृत की कार के आगे-पीछे आने वाले वाहनों का परीक्षण, सक्रिय अपहरण गैंग, डकैती गैंग, लूट गैंग, वैमनस्यता रखने वाले रिश्तेदार/ शासकीय कर्मचारी, व्यावसायिक प्रतिद्वंदिता रखने वाले व्यापारीगण, प्रगति से रूष्ट रहने वाले व्यक्ति, पोल्ट्री फॉर्म/ फॉर्म हाऊस में काम करने वाले/ काम छोड़ने वाले कर्मचारी, ऑरियेण्टल कॉलेज भोपाल के अपहृत के दोस्त आदि पर ध्यान केन्द्रित कर रणनीति में समाहित किया गया। उक्त रणनीति के अनुसार कार्य प्रारंभ किया गया पुलिस टीमो को मिली गोपनीय सूचनाओं तथा अथक् परिश्रम से 16.06.2023 को ग्राम उकावत, थाना मधूसूदनगढ, जिला गुना क्षेत्र में घेरावंदी करने से आरोपीगणों ने अपहृत अदनान को अपने चंगुल से मुक्त कर दिया।

## भाजपा की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 19 जून से होगा अनिश्चितकालीन धरना

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता श्री महेश नंदमेहर ने बताया है कि भोपाल में गरीब, वंचितों और मजदूरों किसानों सहित गुमठी वाले छोटे कारोबार कर अपने जीवन यापन कर दो जून की रोटी के लिए फुटपाथ पर बैठकर गर्मी हो या बारिश सभी मौसम में परिवार के लिए पालने के लिए दो पैसे कमाने वाले गरीबों को भाजपा अन्याय कर रही है। उन्हें न नियमित स्थाई जगह दे रही न ही रोजगार दे रही। इस कारण गरीब लोग परेशान एवं मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। न उनकी सरकार न उनकी प्रशासन सुन रही जिस कारण उन पर पहाड़ सा टूट गया है। बहरहाल इन गरीबों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है तो उनकी जनसमस्याओं को लेकर अखिल भारतीय बौद्ध महासंघ एवं अनुसूचित जाति जनजाति गुमठी व्यवसाय कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 19 जून 2023 से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना होने जा रहा है। अखिल भारतीय बौद्ध भिक्षु महासंघ एवं अनुसूचित जाति जनजाति गुमटी व्यवसाय कल्याण समिति संयुक्त के तत्वधान में 19 जून 2023 को समय 12ः00 अनिश्चितकालीन धरने का आयोजन किया गया है।

# भगवान जगन्नाथ जी की गाजे-बाजे कीर्तन भजन के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

**गंगाधर चौधरी**

शहडोल। संसार के पालनहार भगवान श्री जगन्नाथ जी स्वामी भ्राता बलदेव बहन सुभद्रा जी की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे कीर्तन भजन के साथ मंगलवार को सायं5.30 के करीब शहडोल जिले के बुढार श्री राम जानकी मंदिर से विशेष पूजा अर्चन उपरांत नगर भ्रमण के लिए निकली। सुसज्जित रथ में सवार भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी का दर्शन करने इस बार अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। श्री राम जानकी मंदिर से शोभा यात्रा भगवान जगन्नाथ स्वामी की जय जय कार के नारे लगाते हुए रेलवे मार्केट परमट चौक सिनेमा रोड सोनारन टोला होते हुए सिनेमा रोड मैं दीक्षित निवास पहुंची जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की विधिवत रूप से पूजन अर्चन की गई। पंडित संतोष दीक्षित भानू दीक्षित ओम दीक्षित ने रथ में विराजमान मंदिर के महंत राम बालक दास जी महाराज आचार्य राम जी नरेंद्र शुक्ला हलदर तिवारी रामकिशोर सुदीप मिश्रा सुनील द्विवेदी का माल्यार्पण से स्वागत किए। तत्पश्चात नायक परिवार के यहां तीन दिवस के लिए विश्राम के लिए ठहरे। जगह जगह भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी की भक्तों ने नरियल मिष्ठान चढ़ाकर श्रद्धा भक्ति से उनकी



आरती किए और अपना जीवन कृतार्थ किया । किराना एवं गल्ला व्यापारी संघ के साथ जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए जलपान के प्रबंध किए गए।

शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस का पुख्ता व्यवस्था रही। भगवान जगन्नाथ स्वामी के रथ को महिला पुरुष युवा बच्चे सभी ने खींच कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। भव्य शोभायात्रा में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह रोहिण गर्ग रुकमणी प्रसाद गौतम पुष्पेंद्र ताम्रकार उमा धुर्वे सुरेंद्र जायसवाल दीपेंद्र सिंह दीपू प्रेम सिंघानिया पुरुषोत्तम गुप्ता शरद गुप्ता अजय सिंघानिया मनीष चमडिया नमन ताम्रकार विजय ताम्रकार वासु चौरसिया ओम सिंघानिया हर्ष पाठक नत्थू लाल सोधिया राजेश सोदिया अमर सिंघानिया निक्की सिंघानिया जितेंद्र यादव मुन्ना वर्मा लीला बर्मन पिंटू सोनी विजय गुप्ता श्री कृष्ण गुप्ता ओंकार प्रतीति मोहन बैगा अजय गुप्ता रविशंकर गुप्ता संजू गुप्ता प्रतीत गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं का अपार जनसमूह मौजूद रहा।

# एकीकृत शासकीय हाईस्कूल उमरई बेहरा में विद्यालय का हुआ जीर्णोद्धार।

**संवाददाता - हेमंत शाक्या**

एकीकृत शासकीय हाई स्कूल उमरई बेहरा ,जनशिक्षा केंद्र इंटखेड़ी, तहसील/थाना सुल्तानपुर, जनपद शिक्षा केंद्र/वि.ख. बाड़ी, जिला रायसेन मध्य प्रदेश 46496 के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत उमरई बेहरा एक





वन्य ग्राम एवं आदिवासी क्षेत्र हैं, जहां पर संचालित एकीकृत शासकीय हाई स्कूल उमरई बेहरा में पिछले वर्षों में कोई भी विकास कार्य देखने को नही मिला। यह सरकारी स्कूल अत्यंत जर्जर अवस्था में हो गया था ना तो इस भवन की मरम्मत करवाई गई ओर न ही विद्यालय में पढ़ाई में कोई सुधार हुआ ।विद्यार्थियों की राय लेने से यह तो स्पष्ट हो गया कि सच में विद्यालय की अवस्था काफी दुर्भर होती गई,जिससे यहां पर पदस्थ सरकारी कर्मचारी शिक्षकों ने भी अपना- अपना स्थानांतरण करवा लिया, जिसमें केवल अतिथि शिक्षक ही बचे। यह घटना जब जनशिक्षा केंद्र इंटखेड़ी संकुल प्राचार्य के पास पहुंची तो उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंटखेड़ी में



पिछले 50 से 60 वर्षों से कार्यरत शिक्षक आदरणीय च ष्ट पटेल सर को शासकीय हाई स्कूल उमरई बेहरा में रिक्त प्राचार्य पद पर पदस्थ किया गया। यहां आकार सर ने विद्यालय की दुर्दशा देखी तो विद्यालय की व्यवस्था अति दुर्दनीय थीं। विद्यालय भवन की दशा ख़राब, उचित शिक्षा का स्तर का न होना, न ही अतिथि शिक्षकों का समय से विद्यालय में आना जैसी विषम परिस्थितियों से पटेल सर को सामना करना पड़ा। सर को यह सब चुनौतीपूर्ण के रुप में स्वीकार करना पड़ा,तत्पश्चात सर ने अपने अनुभव ओर आत्मविश्वास से कार्य को प्रारंभ किए ।सर्वप्रथम सर ने विद्यालय भवन की मरम्मत करवाई ,उसके पश्चात सभी अतिथि शिक्षकों से समय पर आने का विनम्र अनुरोध किया और विद्यार्थियों एवं उनके पालकों की एक मीटिंग बुलाई, जिसमें पालको और विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व समझाया और इस बार 2023 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में विगत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष अधिक अंक लाने के लिए प्रेरित किया।

अंततः सर के अथक प्रयासों ओर कठिन परिश्रम की अपेक्षा सर के विद्यार्थियों को उचित परिणाम प्राप्त हुए। एकीकृत शासकीय हाई स्कूल उमरई बेहरा में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से एक छात्रा कु.सलोनी उईके पिता श्री राम दास उमरई बेहरा कक्षा 10वी वार्षिक प्राप्तांक 422/500 86.4 प्रतिशत तथा एक छात्र विक्रम उइके पिता श्री कमलेश उइके सालेगढ़ कक्षा 10वी वार्षिक प्राप्तांक 403/500 80.6 प्रतिशत रहा । यह विद्यालय के लिए काफ़ी हर्ष ओर सम्मान का विषय बन गया। इसी हर्षोल्लास में च ष्ट पटेल सर ने विद्यालय के बाजू में पुराकालीन आदि गणेश के क्षतिग्रस्त स्थान की जगह अति सुन्दर मंदिर का निर्माण करवाया। जिससे उमरई बेहरा आदिवासी समुदाय ओर अन्य समुदाय सर के इस कार्य से काफ़ी ज्यादा उत्साहित हैं। अभी तक के सभी कार्यों में सर की स्वयं की पूंजी का अधिक निवेश हुआ ।सर का कार्य काफी पसंद रहा ग्रामीण नागरिक ,सर का आभार प्रकट करते हैं।

## धम्म गुरुओं की सड़क दुर्घटना में परिनिवॉण होने पर संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के द्वारा विनम्र श्रध्दांजलि

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**




**भोपाल।** भिन्ड के बौद्ध धर्म की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने वाले सिध्दा तिस्म जी एवं पूज्यनीय भन्ते ज्योति जी का कल रात सड़क दुर्घटना में परिनिवॉण हो गया है। दोनों भन्ते जी मुरैना से ग्वालियर चार पहिया वाहन से अपने ग्वालियर विहार 29 /06/2023 को रात्रि दस बजे सोमवार को लोट रहे थे। तभी पीछे से बडी गाड़ी ने टक्कर मारी जिससे चार पहिया वाहन पलट गया। उक्त हादसे में ग्वालियर चंबल संभाग के दो धम्म देशना का संदेश देने वाले पूज्यनीय भन्ते सिद्धतिस्म जी एवं परम पूज्यनीय भन्ते ज्योति मुरैना का सड़क दुर्घटना में परिनिवॉण हो गया है। जिससे ग्वालियर चंबल संभाग सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर, राष्ट्रीय मीडिया श्री मूलचन्द मेधोनिया, श्री पटेल रामदास मंडराई, श्री कैलाश तिलवारी, श्री राधेकिशन गंन्रोते, श्री सूरज, श्री रामविलास तिलवारी, श्री शोभाराम गनोरे, श्री मुकेश चौधरी, श्री जाटव जी, श्री अशोक चिंतामण, श्रीमती आरती भगोरिया, श्रीमती बिन्दू सिंह, श्री सीमा राठौर, श्री नारायण राठौर, इत्यादि संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के सभी पदाधिकारियों ने पूज्य भन्तों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। तथा मांग की है कि इनके हादसे की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जो कि सामाजिक हितों सहित आने वाले पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन प्रस्शत करेंगे। मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार के द्वारा मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी से आग्रह किया है कि उक्त हादसे की जांच शीघ्र कराने की कृपा करें। क्योंकि यह धर्म गुरुओं का मामला है। यदि आप देखा अनदेखी करते हैं तो माना जायेगा कि आप दलित व वंचितों के हीतेशी नही है। कोई तो सरकार के सिस्टम की जानकारी लेंगे। अतः आप हम सभी राजनीतिक दलों से ऊपर उठ कर मांग करे कि हमारे वर्ग को जागरूक करने वाले महान लोगों के साथ ही ऐसा हादसा क्यों?

## प्रेरणा हिंदी प्रेमियों व समाचारपत्र संपादकों को सम्मानित किया

**कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)**




जबलपुर। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु संकल्पित संस्था प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा हिंदी प्रचार प्रसार में सहयोग प्रदान करने वाले कवि साहित्यकार समाजसेवी पत्रकार शिक्षाविद को सतत सम्मानित कर रही है। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने दिनांक 20.06.2023 को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रेरणा अपने सम्मान की श्रृंखला में रोहित मिश्रा राष्ट्रवादी संपादक रोहित संवाद बाराबंकी उत्तर प्रदेश, हर गोविन्द पाठक बदायूं उत्तर प्रदेश व शिवदत्त डोंगरे खंडवा मध्यप्रदेश को हिंदी प्रेमी सम्मान 2023। प्रदीप त्रिपाठी ग्वालियर मध्यप्रदेश व अशोक कुमार धमनिया भोपाल मध्य प्रदेश को शिक्षाविद सम्मान 2023। अनिल मिश्रा प्रधान संपादक सांध्य दैनिक अखबार छत्तीसगढ़ उजाला को पत्रकारिता सम्मान 2023 प्रदान किया है। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के सलाहकार गुंडाल विजय कुमार ने बताया कि प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा अपने सीमित संसाधनों से हिंदी प्रचार प्रसार व राष्ट्रभाषा अभियान की दिशा में काम कर रही है जिसमें हिंदी प्रेमियों का अमूल्य सहयोग है। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के महासचिव प्रदीप मिश्रा अजनबी ने विज्ञप्ति में उल्लेख किया कि प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा हिंदी दिवस के पूर्व दिनांक 13.09.2023 को इंडिया गेट से राजघाट दिल्ली तक पदयात्रा व राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रही है जिसमें देश के आम जन से अपील है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के प्रेरणा स्त्रोत डॉ धर्म प्रकाश वाजपेयी जी ने सभी हिंदी प्रेमियों को सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है।

## शहीद नगरी चीचली वीर मनीराम अहिरवार जन्म स्थलीय पर उनके सुपौत्र मूलचन्द का मनाया गया जन्म दिन

**चीचल।** जिला नरसिंहपुर शहीदों की नगरी के नाम से प्रख्यात एवं गोंड राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जू के राजमहल में सेवारत रहे वीर मनीराम अहिरवार जो कि स्वतंत्रता आंदोलन में सन 1942 के क्रांतिकारी थे। जिन्हें जानबूझकर उनकी जानकारी लोगों के द्वारा छुपाने के प्रयत्न हुए। भारत सरकार के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान कार्यक्रम 75 वीं वर्षगांठ पर देश के वंचित, उपेक्षित शहीद व सेनानियों की जानकारी सम्पूर्ण देश के बुद्धिजीवियों से जुटाई गई। ऐसे परिवार से सम्पर्क हुआ जो कि स्वयं अपने आजादी के आन्दोलन में खोये और देश हित में कुर्बानी देकर अनजान रहे शूरवीर किसी न किसी षड्यंत्र के शिकार हुये अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार चीचली गांव के निवासी थे। जिनका परिवार आज चौथी पीढ़ी में रह रहा। जिनके सुपौत्र वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी मूलचन्द मेधोनिया का जन्मदिन उनके निवास स्थान पर वीर शहीद मनीराम



अहिरवार जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात मनाया गया। इस अवसर पर नगर के श्री चन्दभान खेमरे, श्री कौशल प्रसाद अहिरवार, श्री रामजी चन्दवंशी (कतिया समाज) इन प्रमुख लोगों ने वीर मनीराम अहिरवार जी को नमन कर मूलचन्द मेधोनिया का फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर केक काटकर सभी ने मेधोनिया को शुभकामनाएं व बधाई प्रदान की गई।

# नरयावली विधानसभा के युवाओं की विधायक के लिए पहली पसंद - लीलाधर अहिरवार







**सागर/नरयावली।** आज अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के तहत लीलाधर अहिरवार द्वारा नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरोज़ा,बम्होरी बीका,चावड़ा आदि ग्रामों में वरिष्ट जनों व आमजनों से संवाद किया किया गया लोगों की समस्याओं को जाना गया व उनके निराकरण हेतु चर्चा की गई गॉव के लोगों द्वारा अपनों से अपनी बात कार्यक्रम की सराहना की जा रही है एवं गॉव गॉव में लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है लोगों में परिवर्तन की आस दिखाई दे रही है नरयावली विधानसभा क्षेत्र में लीलाधर अहिरवार को युवा चेहरे के रूप में कॉफी पसंद किया जा रहा है एवं अपार जन समर्थन मिल रहा है कार्यक्रम के दौरान किसान नेता व किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष पूर्व (सैनिक)अभिनय श्रीवास,चावड़ा सरपंच सुरेंद्र सिंह, बम्होरी बीका सरपंच गोविंद सिंह अजाक्स संभागीय महासचिव, रामचरण अहिरवार, जिला सचिव राजू पामाखेड़ी,लोकमन चौधरी जी, लखन अहिरवार जी, विनोद अहिरवार ,रवि, सुरेंद्र ठाकुर जी, आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो जिला अध्यक्ष को रेडक्रॉस द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया






**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो भोपाल के जिला अध्यक्ष मनोज सोलंकी को आमंत्रित किया किया गया एवं रेडक्रॉस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उनके द्वारा किये गए रक्तदान पर उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । सम्मानित करने पर मनोज सोलंकी द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी का आभार व्यक्त किया संस्था के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए मनोज सोलंकी ने बताया कि ÷राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो भारत के सभी राज्य में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है । एवं समस्त जिले ब्लॉक लेवल पर पदाधिकारी कार्यरत हैं । भविष्य में कभी भी रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो राष्ट्रीय मानवाधिकार एवंअपराध नियंत्रण ब्यूरो हमेशा रेडक्रास सोसायटी की सेवा में तत्पर रहेगा । एवं रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे कार्यक्रम में रेडक्रॉस से पीआरओ दीपशिखा श्रीमाली , जीवन सार्थक फाउंडेशन से डा श्रुति सोनी, डा शैलेंद्र दुबे, मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसाइटी से भूपेंद्र एवम गौरव जैन, और भोपाल शहर के वरिष्ठ समाज सेवक विपिनेश ठाकुर उपस्थित रहे।

# गोंड़वाना स्वजातीय समूहिक विवाह में गोंड़ी रीति रिवाज से सात जोड़ों का रचाया गया विवाह



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

अनूपपुर । गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं युवा प्रभाग के संयुक्त तत्वाधान में गोंडवाना स्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन जैतहरी जनपद के बड़ा देव ठाना खूंटा टोला धाम में आयोजित हुआ। इस मौके पर सात जोड़ों का विवाह गोंडी रीती से संपन्न कराया गया।ग्राम खूंटाटोला में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरु माता दुर्गे दुलेश्वरी जगत अध्यक्ष जनपद पंचायत पाली कोरबा थीं। इसी तरह प्रेम सिंह श्याम प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना धर्म संस्कृति संरक्षण समिति,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण कैबिनेट मंत्री दर्जा एवं पूर्व विधायक अनूपपुर रामलाल रौतेल,अध्यक्ष जनपद पंचायत जैतहरी राजीव सिंह,सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी नवल सिंह उर्वेती रहे।बताया गया बुधवार को चुल माटी, तेल माय की रस्म निभाई गई इसके बाद गुरुवार को टिकावन,बंदावन रीति रिवाज के साथ चिन्हित जोड़ों का विवाह कराया गया।विवाह की सभी रस्में पंडा पुजारी थानेश्वर सिंह धुर्वे द्वारा कराई गई।गोंडवाना स्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन पहली बार अनूपपुर जिले में हुआ। इस मौके पर सांस्कृतिक कर्मा नर्तक दल द्वारा प्रस्तुति दी गई। विवाह समारोह में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित शहडोल संभाग के गोंडवाना समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य बात यह भी रहेगी इस दौरान नशा के खिलाफ पुरजोर विरोध भी हुआ और लोगों को नसीहत भी दी गई थी कि कार्यक्रम में कोई भी इस अवस्था में मौजूद नहीं रहेगा। आयोजन को सफलतापूर्वक कराने में लक्ष्मन मरकाम,चन्द्रभान नेताम,दिलीप सिंह सैयाम,महेन्द्र नेताम, राजभान सिंह परस्ते, हरी सिंह मरकाम, गंगा सिंह नेटी, संजय मरकाम, आर सी गज्जाम झुन्नीलाल सैयाम, भूपेन्द्र वरकडे, देवा मरावी, मुन्ना मरावी,अशोक सरौते,धीरा मरावी,संतोष मसराम,गनाराम पन्द्रे ने योगदान दिया।



# बिजुरी के तनुष सिंह का हुआ आईआईटी में चयन

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



अनूपपुर अनुपपुर जिले के बिजुरी नगरपालिका क्षेत्र के एक होनहार विद्यार्थी ने न केवल अपने नगर बल्कि संपूर्ण जिले का नाम रोशन किया है। बिजुरी निवासी तरुणेंद्र सिंह परिहार के ज्येष्ठ सुपुत्र तनुश सिंह परिहार द्वारा अपने लगन और मेहनत के दम पर देश के उत्कृष्ठ शैक्षणिक संस्थान आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) में चयनित होकर अपने परिवार नगर के साथ साथ पूरे जिले को गौरवान्वित किया है,इनकी इस सफलता पर इनके माता पिता,और परिवार,मित्रो तथा बिजुरी नगर के भाजपा नेता एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता,अनूपपुर के भाजपा नेता और वरिष्ठ पत्रकार मनोज द्विवेदी,चैतन्य मिश्रा, राजेश पयासी, विकास पाण्डेय, मनोज सिंह,राजेश शुक्ला,अमित शुक्ला,आशीष द्विवेदी,प्रदीप मिश्रा,धर्मेंद्र कांत तिवारी,प्रह्लाद गुप्ता,राकेश चंद्रा ने बधाइयां एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शराब ठेकेदार द्वारा शराब नीति के नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां




**सुल्तानपुर।** शराब दुकानों को संचालित करने के लिए शासन द्वारा आबकारी नीति के तहत नियम बनाए जाते हैं जिसके तहत शराब की दुकानों को शराब ठेकेदार द्वारा शराब दुकानें चला सके, लेकिन नगर सुल्तानपुर में शराब ठेकेदार द्वारा आबकारी नियमों को ताक पर रखकर शराब दुकान से चलाई जा रही है और शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, नगर परिषद सुल्तानपुर के अंतर्गत शराब ठेकेदार को परिषद की परिधि सीमा के अंतर्गत शराब की दुकान खोलने के लिए लाइसेंस दिया गया हैं लेकिन यहां परिषद की सीमा के अंतर्गत तो शराब दुकान चल ही रही है साथ ही नगर परिषद की परिधि सीमा के बाहर ग्राम पंचायत सेमरी में भी एक अलग दुकान चल रही है जिस पर आवकारी अधिकारी भी मौन है या यूं कहें कि आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से ग्राम पंचायत सेमरी में शराब दुकान बिना रोकटोक चल रही है वहीं जब इस विषय पर आबकारी अधिकारी को फोन करके जानकारी लेना चाही तो आबकारी अधिकारी भी आनाकानी करते नजर आए और फोन काट दिया गया।

# दिनांक 25/6/2023 से 29/ 6/2023 तक पंडित श्री धीरेंद्र शास्त्री जी द्वारा खिलचीपुर में आयोजित कार्यक्रम की पार्किंग एवं मार्ग व्यवस्था

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

1. भोजपुर की ओर से आने वाले समस्त वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नारदा बडली पर निर्धारित किया गया है
2. पपडेल एवं बारोल मार्ग से आने वाले मोटरसाइकिल की पार्किंग व्यवस्था हेतु सेमलापूरा निर्धारित किया गया है एवं फोर व्हीलर व बड़े वाहनों के लिए मां वैष्णो स्टोन क्रेशर स्थान को निर्धारित किया गया है
3. राजगढ़ की ओर से आने वाले समस्त वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मेला ग्राउंड एवं रावण बड़ली निर्धारित किया गया है द्य
4. छापीहेड़ा की ओर से आने वाले समस्त वाहनों की पार्किंग व्यवस्था खिलचीपुर पीजी कॉलेज निर्धारित किया गया है।
5. समस्त वीआईपी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मंडी प्रांगण निर्धारित है द्य वीआईपी पार्किंग हेतु आयोजित समिति का पास होना अनिवार्य है
6. जीरापुर की ओर से आने वाले समस्त वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आईटीआई कॉलेज व कॉलेज के सामने का स्थान निर्धारित किया गया है
7. राजस्थान एवं माचलपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन जीरापुर से होते हुए छापीहेड़ा, खुजनेर- पचोर मार्ग से ब्यावरा जाएंगे।
8. राजस्थान एवं भोजपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन इकलेरा होते हुए गुना मार्ग से भोपाल जाएंगे।
9. आईटीआई कॉलेज से तहसील चौराहा, मेला ग्राउंड से तहसील चौराहा, पीजी कॉलेज से छापीहेड़ा नाका, छपीहेडा नाका- मंडी रोड से दांगी दरवाजा तथा दांगी दरवाज से इमली स्टैंड व इमली स्टैंड से तहसील चौराहा को नो व्हीकल जोन निर्धारित किया गया है।

# कमिश्नर, एडीजी, कलेक्टर तथा एसपी ने प्रधानमंत्री के सभा स्थल का लिया जायजा





**युवा प्रदेश न्यूज़ नेटवर्क**

शहडोल । संभागायुक्त श्री राजीव शर्मा एवं एडीजी श्री डीसी सागर के साथ जिले की कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक सहित जिले के अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से शहडोल जिले में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित आगामी 27 जून 2023 के प्रवास के मद्देनजर लालपुर स्थित सभास्थल का मौका मुआयना किया एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिष्नर ने श्री राजीव शर्मा ने मुख्य मंच एवं डी सहित जनसामान्य की बैठक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा सभी व्यवस्थाएं चाक-चैबंद एवं सुचारू रूप से बनाने के निर्देष दिये। इस अवसर पर एडीजी श्री डीसी सागर ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी स्थलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम बनाने के निर्देष दिये एवं सभा स्थल से पकरिया तक जाने वाले मार्ग में दोनो तरफ पुख्ता बैरिकेड्स लगाने के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने कमिष्नर को विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी एवं बताया कि सभी आवष्यक तैयारियां सुनिष्चित की जा रही है और निर्धारित अवधि तक पूर्ण कर ली जाएगी। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांषु चंद्र, वनमंडल अधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नोड्ल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी भी उपस्थित थें।

## यूजी-पीजी में एडमिशन की प्रक्रिया

**भोपाल**


उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2023-24 के लिए यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए की जा रही काउंसलिंग में पहले राउंड की रजिस्ट्रेशन और सत्यापन की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। अब सत्यापन कराने वाले यूजी के करीब 1,41,587 लाख स्टूडेंट्स को सोमवार को सीटों का आवंटन किया जाएगा। यह स्टूडेंट्स 23 जून तक फीस जमाकर प्रवेश ले सकेंगे। वहीं पीजी में 52,079 हजार स्टूडेंट्स ने सत्यापन कराया है, उन्हें 20 जून को सीटों का आवंटन किया जाएगा। विभाग द्वारा सत्यापित स्टूडेंट्स को मेरिट के आधार पर कॉलेजों में एडमिशन के लिए यूजी-पीजी की सीटें आवंटित की जाएंगी।

पहले राउंड में यूजी में 1,64,878 छात्रों और पीजी स्तर पर मात्र 66,914 छात्रों ने अपने रजिस्ट्रेशन कराए थे। इस तरह से यूजी पीजी में कुल 2,31,792 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है। इसके बाद यूजी और पीजी में कुल 1,93,666 छात्रों ने डॉक्यूमेंट सत्यापित करवाए हैं। बता दें कि 25 मई से पीजी और यूजी की 2.13 लाख लाख सीटों में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किए गए थे। यह प्रदेश में संचालित सभी 1,279 निजी और सरकारी कॉलेजों में प्रवेश दिया जा रहा है।

## आदिपुरुष में हनुमानजी को गलत तरीके से दिखाया...

**भोपाल**

आदिपुरुष फिल्म में सीन और डायलॉग्स को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। आनंद सागर के रामायण सीरियल में हनुमान का पात्र निभाने वाले विक्रम मस्ताल ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस फिल्म को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कानूनी कार्रवाई की बात कही। विक्रम की प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म होने के कुछ ही देर बाद आदिपुरुष में डायलॉग्स पर विवाद और आलोचनाओं के बाद गीतकार मनोज मुंतशिर ने ट्वीट कर सफाई दी। मुंतशिर यह भी लिखा कि जिन डायलॉग्स को लेकर लोगों की आपत्ति है उन्हें बदला जाएगा। इसी हफ्ते में संशोधित संवाद फिल्म में



सामने आएंगे। आनंद सागर की रामायण में हनुमानजी का पत्र निभाने वाले विक्रम मस्ताल ने भोपाल में प्रेस वार्ता की। मस्ताल ने प्रेस वार्ता के जरिए अदिपुरुष फिल्म के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। विक्रम ने कहा - मैं इस मूवी का पूरी तरह से विरोध करता हूं। श्रीराम और हनुमानजी के पात्र को जिस तरह से दिखाया गया वो पूरी तरह से गलत है। मस्ताल ने कहा - भाषा का प्रयोग ठीक तरह से नहीं किया गया, जबकि हमारे आराध्य ने कभी इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं किया। मैं फिल्म के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा। अभी मैं फिल्म के बारे में सभी बातें समझ रहा हूं। विक्रम ने कहा-फिल्म के माध्यम से सनातन धर्म को गलत तरीके से दिखाया गया है। जिन सरकारों को लगता है संवाद गलत है, वो जो कार्रवाई करेंगे तो मैं उनके साथ हूं। मां नर्मदा की परिक्रमा को लेकर मैं फिल्म बना रहा हूं। फिल्म में नर्मदा में हो रहे अवैध खनन का मुद्दा भी उठाऊंगा। गीतकार मनोज मुंतशिर ने ट्वीट कर लिखा- रामकथा से पहला पाठ जो कोई सीख सकता है, वो है हर भावना का सम्मान करना। सही या गलत, समय के अनुसार बदल जाता है, भावना रह जाती है।

### 25 जिलों में आंधी-पानी

# बिपरजॉय का असर, भोपाल में तेज बारिश, ग्वालियर-चंबल में भारी बारिश का अलर्ट

**भोपाल**

गुजरात और राजस्थान में तबाही मचाने वाले बिपरजॉय तूफान का असर रविवार से मध्यप्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। भोपाल में सुबह से तेज धूप के बाद शाम को बारिश शुरू हो गई। इसके अलावा ग्वालियर, उज्जैन समेत 25 जिलों में आंधी-बारिश का अनुमान है। राजस्थान से सटे हिस्सों में भारी बारिश भी हो सकती है। इसमें ग्वालियर-चंबल संभाग शामिल हैं। प्रदेश में 21 जून तक मौसम बिगड़ा रहेगा।



भोपाल में सुबह से तेज धूप पड़ रही थी। हालांकि इस बीच बादल भी छाए रहे। शाम करीब 4:15 बजे बूंदाबांदी हुई। थोड़ी देर बाद तेज बारिश होने लगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि प्रदेश में रविवार से बारिश की एक्टिविटी बढ़ेगी। तूफान का असर पश्चिमी मध्यप्रदेश में दिखाई देने लगेगा, जो 21 जून तक रहेगा। 18 और 19 जून को कम, जबकि 20 और 21 जून को असर ज्यादा रहेगा। ग्वालियर-चंबल संभाग में भारी बारिश हो सकती है। टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, रीवा-सतना में भी 20-21 को बारिश होगी।

मौसम विभाग के अनुसार बिपरजॉय तूफान का असर प्रदेश के चार संभाग भोपाल, ग्वालियर, चंबल और उज्जैन में देखने को मिलेगा। ऐसे में भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, गुना, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुरकलां, उज्जैन, शाजापुर, देवास, आगर, रतलाम, मंदसौर और नीमच में बारिश होगी। वहीं, 50 किमी या इससे ज्यादा रफ्तार से आंधी चल सकती है। राजस्थान में तूफान का असर है। इसके चलते शनिवार से ही प्रदेश में मौसम बदल गया। भोपाल, इंदौर समेत कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई। भोपाल में दिन में बादल भी छाए रहे। शनिवार को सीधी सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री से कम ही रहा।

### भोपाल में 20-21 जून को भारी बारिश के आसार

भोपाल में 20 और 21 जून को भारी बारिश का अनुमान है। पानी गिरने से गर्मी का असर कम हो जाएगा। दिन का तापमान 35 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है, जबकि रात में पारा 25-26 डिग्री तक रहेगा।

## भोपाल के कलियासोत डैम के पास से हटाईं अवैध मजारें



**भोपाल।** राजधानी के कलियासोत डैम के पास से शनिवार को जिला प्रशासन ने अवैध तरीके से बनाई गई मजारें हटा दीं। इस पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जंगल, पहाड़-नालों की जमीन पर इस तरीके से कब्जा ठीक नहीं है। प्रदेश में लव जिहाद हो या लैंड जिहाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर, संस्कृति बचाओ मंच भी आगे आया। मंच ने अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई की मांग की है। कलियासोत डैम के आसपास जंगल क्षेत्र में पिछले कुछ समय से मजारें बन गई थीं। इसे लेकर संस्कृति बचाओ मंच ने विरोध जताया था। शिकायत के बाद शनिवार को जिला प्रशासन ने इन मजारों को हटा दिया।



### मलेशियाई जोड़ी को एक घंटे सात मिनट में 21-17, 21-18 से हराया

# चिराग-सात्विक ने जीता इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन, यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी

**जकार्ता**

चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज की भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन का खिताब जीत लिया है। चिराग-सात्विक की जोड़ी ने टूर्नामेंट की दूसरी सीड हारून चिया और वूई यिक सोह की मलेशियाई जोड़ी को सीधे गेम में 21-17 और 21-18 के अंतर से हराया।

चिराग-सात्विक की जोड़ी BWF वर्ल्ड टूर सुपर-1000 का टाइटल जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी है। इतना ही नहीं, यह इकलौती भारतीय जोड़ी है, जिसने BWF वर्ल्ड टूर में सुपर-100, सुपर-300,सुपर-500, सुपर-750 और सुपर-1000 चारों टाइटल जीते हैं।

## दोनों पेयर में कांटे की टक्कर, भारतीय सीधे गेम में जीते

फाइनल मुकाबले के दौरान भारतीय और मलेशियाई पेयर के बीच जबर्दस्त मुकाबला देखने को मिला। दोनों पेयर में कांटे की टक्कर दिखी। भारतीय स्टार्स ने मुकाबला सीधे गेम यानी की 2-0 से अपने नाम किया। पहले गेम में भारतीय जोड़ी ने



मलेशियाई खिलाड़ियों को 21-17 से हराया। उसके बाद दूसरे गेम में जीत का स्कोर 21-18 रहा। यानी कि दोनों ही गेम में जीत हार का फासला 5 पॉइंट्स से कम का रहा है।

43 मिनट चले इस मुकाबले में मलेशियाई खिलाड़ियों ने बढ़त के साथ शुरुआत की। 7 पॉइंट्स से पिछड़ने के बाद भारतीयों ने जबर्दस्त वापसी की और स्कोर 7-7 पर लेवल हुआ। उसके बाद दोनों पेयर 9-9 पर भी बराबरी पर आए। आखिर में भारतीय पेयर ने पहला गेम 21-17 से अपने नाम करते हुए मुकाबले में 1-0 की बढ़ ली।

दूसरे गेम में दोनों ही पेयर्स के बीच जबर्दस्त कॉन्टेस्ट देखने को मिला। 6 पॉइंट्स तक स्कोर बराबर था। उसके बाद भारतीय शटलर्स ने बढ़त बनाई, जो आखिरी तक कायम रही। इंटरनेशनल सर्किट पर भारतीय और मलेशियाई जोड़ियां 9 बार आमने-सामने हो चुकी हैं। भारतीय जोड़ी को पहली बार जीत मिली है। इससे पहले के 8 मुकाबलों में भारतीयों को पराजय झेलनी पड़ी है।

दुनिया में बैडमिंटन चलाने वाली संस्थान BWF 3 ग्रेड के टूर्नामेंट कराती है। इनमें ग्रेड-1 में वर्ल्ड चैंपियनशिप, ओलिंपिक गेम्स और ऑल इंग्लैंड ओपन जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं, वहीं ग्रेड-2 में वर्ल्ड टूर फाइनल्स, सुपर सीरीज शामिल हैं। सुपर सीरीज भी 5 लेवल की होती है, इसमें लेवल-1 वर्ल्ड टूर फाइनल्स, लेवल-2 में सुपर-1000, लेवल-3 में सुपर-750, लेवल-4 में सुपर-500 और लेवल-5 में सुपर-300 इवेंट्स शामिल हैं।

## रैना से धोनी ने उथप्पा के लिए ली थी सलाह

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने धोनी की कप्तानी में 2021 में चौथी बार IPLका खिताब जीता। टीम के साथ रहे सुरेश रैना ने 2021 से जुड़ा हुआ खुलासा किया है। रैना 2008 से चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़े रहे और 2022 में IPL से रिटायरमेंट ले लिया। रैना ने बताया कि 2021 में उनकी जगह पर रॉबिन उथप्पा को खिलाने के लिए धोनी ने उनसे सलाह ली थी। रैना ने यह बात जियो सिनेमा पर रॉबिन उथप्पा से कही। उथप्पा और रैना दोनों IPLसे रिटायरमेंट के बाद अब कमेंट्री कर रहे हैं। रैना ने अपने खुलासे में बताया कि 2021 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले धोनी मेरे पास आए थे और उन्होंने मेरे से कहा कि हम 2008 से साथ खेल रहे हैं। मैं इस सीजन को जीतना चाहता हूं। आप मुझे बताइए क्या करना चाहिए। मैंने उनसे कहा था कि नंबर-3 पर रॉबिन को खिलाइए और फाइनल तक उन्हें बाहर मत कीजिए। अगर आप जीतेंगे, तो सीएसके भी जीतेगी। मैं खेलूं या रॉबिन, एक ही बात है। मैं और रॉबिन एक ही हैं। मेरा प्लेइंग XI में ना होना धोनी को स्वीकार नहीं था। मैंने उन्हें मना लिया।

## द एशेज AUS-ENG पहले मैच का तीसरा दिन, ऑस्ट्रेलिया 386 रन पर ऑलआउट



**बर्मिंघम**

एशेज सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल जारी है। ऑस्ट्रेलिया तीसरे दिन पहली इनिंग में 386 रन बना कर ऑलआउट हो गई। उस्मान ख्वाजा ने 141 रन की शानदार पारी खेली। लंच ब्रेक तक इंग्लैंड के पास 7 रन की बढ़त है।

तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 311/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। हालांकि, आज इंग्लैंड की बॉलिंग का बोलबाला रहा। ऑस्ट्रेलिया 71 बनाने में 5 विकेट गवां बैठा और ऑलआउट हो गया। उस्मान ख्वाजा और अलेक्स कैरी के बीच 118 रन की पार्टनरशिप हुई। तीसरे पांचवें ओवर में ही जेम्स ऐंडरसन ने एलेक्स कैरी को आउट कर दिया। 99वें ओवर की चौथी बॉल पर एंडरसन ने कैरी को बोल्ड कर दिया। कैरी 66 रन बना कर आउट हुए। इसके बाद 113वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऑली रॉबिंसन की यॉर्कर पर ख्वाजा भी बोल्ड हो गए। 141 ख्वाजा पवेलियन लौटे। इसके बाद नाथन लायन 1, स्कॉट बोलैंड 0 और पैट कमिंस 38 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे दिन बॉलर ऑली रॉबिंसन को तीन सफलताए मिली। उन्होंने ख्वाजा, ;लायन और कमिंस के विकेट लिए। स्टुअर्ट ब्रॉड 1 और जेम्स एंडरसन को 1 विकेट मिला।

दूसरे दिन ओपनर उस्मान ख्वाजा ने शतकीय पारी खेली। वहीं, ट्रेविस हेड और एलेक्स कैरी के बल्ले से अर्धशतक निकला। दिन के अंत तक ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट खो कर 311 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा 126 रन और एलेक्स कैरी 52 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लिश टीम की ओर से स्टुअर्ट ब्रॉड ने दो विकेट झटके और मोईन अली को भी दो सफलताएं मिली। जबकि एक विकेट कप्तान बेन स्टोक्स को मिला। पहले दिन इंग्लिश टीम ने अपनी पहली पारी 393/8 के स्कोर पर डिक्लेयर की। जवाब में ऑस्ट्रेलियन ने बिना नुकसान के 14 रन बनाए थे। इससे पहले, इंग्लैंड की ओर से जो रूट 118 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# व्यापार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3725-3750, खोपरा गोला 120-140, खोपरा बूरा 2000-3800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 505-510, ऊंझा हल्का 515-525, मीडियम 520-525, बेस्ट 530-540, हल्दी निजामाबाद 130-140, सांगली 170-175, साबूदाना हल्का 6600-6700, मीडियम 6750-6850, बेस्ट 7450-7500, वर लक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 220-223, मीडियम 240-256, बेस्ट 288-290, सौंफ बारी?क 190-225, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 725-750, एवरेज 675-700, सिंगापुरी 690-700, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1350-1360, मैदा कट्टा 1360-1370, रवा कट्टा 1390-1400, बेसन 3350 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1300-1400, (160) 1500-1600, (200) 1550-1650, (250) 1700-1750

**तेल :-** सींगदाना 1590-1600, मुम्बई 1590, राजकोट तेलिया 2500, सोया साल्वेंट 835-840, सोया रिफाइंड 870-875, कपास्या 810, धूलिया 820, कड़ी 820,

**तिलहन :-** सरसो 5800-5900, रायडा 4400-4600, सोयाबीन 5050-5100, एवरेज 4700-4900, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5100-5150, एवरेज 4950-5075 विशाल 4950-5050,

### बाजार में लगातार कम हो रही नकदी, 83 हजार करोड़ घटकर 32.88 लाख करोड़ रुपए रह गई

# 2000 रुपए के नोट वापस लेने का असर

**नई दिल्ली**

RBI द्वारा 2000 रुपए के नोट वापस लेने के ऐलान के बाद बाजार में लगातार नकदी कम हो रही है। RBI के अनुसार 2 जून तक लोगों के पास नकदी कुल नकदी 83,242 करोड़ रुपए घटकर 32.88 लाख करोड़ रुपए रह गई है।

2 जून को खत्म पखवाड़े में बैंक डिपॉजिट की राशि 3.26 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 187.02 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 19 मई, 2023 को खत्म पिछले पखवाड़े में बैंक डिपॉजिट की राशि 59,623 करोड़ रुपए घटकर 183.74 लाख करोड़ रुपए रह गई थी।

RBI के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 8 जून को बताया था कि 1.8 लाख करोड़ रुपए के मूल्य के 2,000 रुपए के नोट सिस्टम में वापस आ गए हैं।



उन्होंने कहा था कि ये नोट कुल सर्कुलेशन का करीब 50% है।

RBI ने 19 मई को नोट वापस लेने की घोषणा करते हुए बताया था कि 31 मार्च तक 2,000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपए था।

RBI ने 30 सितंबर तक 2000 के नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है, लेकिन यह भी कहा है कि यह इसके बाद भी लीगल रहेगा। ऐसा सिर्फ लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए है, ताकि वे यह नोट बैंकों को वापस करें।

एक बार में अधिकतम बीस हजार रुपए कीमत के नोट ही बदले जाएंगे, लेकिन अकाउंट में इन नोटों को जमा करने पर लिमिट नहीं होगी। अब बैंक 2000 के नोट इश्यू नहीं करेंगे।

## 2016 में आया था 2000 का नोट

2 हजार का नोट नवंबर 2016 में मार्केट में आया था। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 के नोट बंद कर दिए थे। इसकी जगह नए पैटर्न में 500 का नया नोट और 2000 का नोट जारी किया गया था। RBI साल 2018-19 से 2000 के नोटों की छपाई बंद कर चुका है।

## स्मार्ट टीवी के लिए वीडियो ऐप लॉन्च करेगा ट्विटर

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर जल्द स्मार्ट टीवी के लिए वीडियो ऐप लॉन्च करेगा। इसकी जानकारी खुद ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने दी। दरअसल, एस-एम रॉबिन्सन नाम के यूजर ने ट्विटर के एक ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए लिखा,स्मार्ट टीवी के लिए हमें वास्तव में एक ट्विटर वीडियो ऐप की जरूरत है। मैं ट्विटर पर एक घंटे का वीडियो नहीं देख रहा हूं। इसी ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए मस्क ने लिखा,इट्स कमिंग। हालांकि, उन्होंने कंफर्म डेट नहीं बताई को ऐप कब तक लॉन्च होगा। इसके साथ ही ऐप कैसे काम करेगा क्या उसमें सिर्फ ट्वीटर के वीडियो देखने को मिलेंगे या फिर ट्वीट भी दिखाई देंगे।

## पेरिस में मिले दुनिया के दो सबसे अमीर व्यक्ति

**पेरिस।** दुनिया के दो सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क और बर्नार्ड अरनॉल्ट ने पेरिस में मुलाकात की और साथ में लंच किया। इस दौरान एलन मस्क की मां मेय मस्क और बर्नार्ड अरनॉल्ट के दो बेटे एंटोनी और एलेक्जेंडर अरनॉल्ट भी मौजूद रहे। इस मुलाकात के दौरान एलन मस्क और बर्नार्ड अरनॉल्ट के बीच किस बात को लेकर चर्चा हुई इसके बारे में कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

## अबॉर्शन के भ्रामक विज्ञापनों से गूगल ने कमाए 81 करोड़

**नई दिल्ली**

सर्च इंजन गूगल ने अमेरिका में अबॉर्शन और प्रेग्नेंसी के संबंध में सर्च करने वाले हजारों लोगों को फर्जी क्लिनिक्स की वेबसाइटों का रास्ता दिखाकर करोड़ों रुपए कमाए हैं। एक नई स्टडी में बताया गया है कि ये क्लिनिक अबॉर्शन और मेडिकल सेवाएं मुहैया नहीं कराते हैं।

गूगल ने अबॉर्शन टर्म सर्च करने वाले यूजरों को तथाकथित क्राइसिस प्रेग्नेंसी सेंटर्स के विज्ञापनों की ओर मोड़ दिया। ये सेंटर अबॉर्शन कराने की बजाय लोगों को ऐसा कराने से रोकते हैं। गलत जानकारी का पता लगाने वाले संगठन काउंटरिंग डिजिटल हेट सेंटर के सीइओ इमरान अहमद ने बताया कि जांच रिपोर्ट फर्जी हेल्थ केयर क्लिनिकों और झूठी जानकारी फैलाने वाले समूहों की भ्रामक एडवर्टाइजिंग की तस्वीर पेश करती है।

स्टडी में बताया गया है कि हर साल विज्ञापनों से 16 लाख करोड़ रुपए कमाने वाले गूगल को नकली अबॉर्शन क्लिनिक्स के भ्रामक विज्ञापनों से दो साल में 81 करोड़ रुपए से अधिक आय हुई है। क्राइसिस प्रेग्नेंसी सेंटरों के नाम से गर्भपात विरोधी सेंटर लंबे समय से चल रहे हैं। 2022 में इनकी संख्या वास्तविक अबॉर्शन क्लिनिक्स से अधिक हो गई।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)